दिनांक : 29.09.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मेक इन इंडिया पहल के कारण भारत विनिर्माण शक्ति केंद्र बन गया है। इस अभियान से निर्धन और मध्यम वर्ग तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बहुत फायदा हुआ है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की 114वीं कडी में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस अभियान की सफलता में देश के बडे उद्योगों के साथ–साथ छोटे दुकानदारों का योगदान भी शामिल है जिससे प्रत्येक सेक्टर को लाभ हुआ है, निर्यात बढा है और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित हुआ है। प्रधानमंत्री ने लोगों से आने वाले त्यौहारों के दौरान देश में बने उत्पाद खरीदने का आग्रह किया। इस वर्ष दो अक्तूबर को दस वर्ष पूरा कर रहे स्वच्छ भारत मिशन की सफलता का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह इस मिशन की ही सफलता है कि 'कचरे से संपदा' मंत्र लोगों में लोकप्रिय हो रहा है।

पौधरोपण महाअभियान 'एक पेड मां के नाम' में भाग लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे समाज को इसके आश्चर्यजनक परिणाम मिले हैं जो कि निश्चित रूप से प्रेरणादायी हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना की उपलब्धियों की सराहना की जिन्होंने निर्धारित लक्ष्य से भी अधिक पौधे लगाकर नया रिकार्ड बनाया है। बुंदेलखंड क्षेत्र में झांसी का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ महिलाओं ने यहां की घुरारी नदी को नया जीवन दिया है। उन्होंने बताया कि इन महिलाओं ने बोरियों में बालू भरकर बांध बनाया और वर्षा जल को बर्बाद होने से रोक दिया। श्री मोदी ने जल संरक्षण के लिए मध्य प्रदेश में डिंडोरी के रयपुरा और छतरपुर की महिलाओं के प्रयासों की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण के ऐसे प्रयास देश के प्रत्येक भाग में किए जाने चाहिए जिससे जल संकट से निपटने में मदद मिलेगी।

मोदी सरकार के सौ दिन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन पूरे हो गए हैं। इन सौ दिनों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है। बुरहानपुर जिले में प्रधानमंत्री विष्वकर्मा योजना के अंतर्गत स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र से महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया है।

मध्य प्रदेश– डिंडोरी महिला

मध्य प्रदेश में डिंडोरी जिले की महिलाएं राष्ट्रीय स्तर की प्रसिद्धि पाने के बाद अत्यंत प्रसन्न हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में इन महिलाओं के कार्य का उल्लेख इनके लिए किसी अभूतपूर्व उपलब्धि से कम नहीं है। डिंडोरी जिले में रायपुरा की

महिलाओं के लिए गर्व का यह क्षण उनकी वर्षों की कठोर मेहनत का परिणाम है। शारदा महिला स्व–सहायता दल से जुडी महिलाओं ने गांव के तालाब का बेहतर प्रयोग करके आत्मविश्वास का उदाहरण प्रस्तुत किया है। अब ये महिलाएं मत्स्य पालन के जरिए बेहतर आय अर्जित कर रही हैं।

मैहर–दुर्घटना

सतना जिले के मैहर में कल देर रात एक सड़क दुर्घटना में नौ लोगों की मौत हो गई और 24 लोग घायल हो गये। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रयागराज से रीवा के रास्ते नागपुर जा रही निजी बस राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर खड़े ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में घायल हुए लोगों को सतना और मैहर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने इस दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिये हैं।

समाचार संक्षेप में .....

ऽ स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर आगरमालवा कलेक्ट्रेट परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने श्रमदान किया।

ऽ नर्मदापुरम जिले की ग्राम पंचायत भवन डोलरिया में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

ऽ जबलपुर रेल मंडल में हादसों को रोकने और यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर सुरक्षा उपायों को और पुख्ता करने के लिए जांच का दायरा बढ़ाया जा रहा है। इसके लिए एक टीम बनाई गई है।

....